# 131 राजकीय विद्यालय होंगे महात्मा गांधी अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालयों में रूपांतरित

## चर्चा में क्यों?

- 4 सितंबर, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विविध श्रेणी के 131 राजकीय विद्यालयों को महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालयों में रूपांतरित करने की स्वीकृति प्रदान की है।

## प्रमुख बिंदु

- विदित है कि राज्य सरकार प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में अंग्रेज़ी शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिये महत्त्वपूर्ण निर्णय ले रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने इन विद्यालयों को महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालयों में रूपांतरित करने की स्वीकृति प्रदान की है।
- मुख्यमंत्री की स्वीकृति से प्राथमिक स्तर के 42, उच्च प्राथमिक स्तर के 56 एवं उच्च माध्यमिक स्तर के 33 विद्यालयों को अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालयों में रूपांतरित किया जाएगा। इनमें 8 बालिका विद्यालय भी शामिल हैं।
- इन विद्यालयों में जयपुर के 27, अलवर के 15, बारां के 13, जोधपुर के 12, बाड़मेर व झुंझुनूं के 10-10, भीलवाड़ा व करौली के 7-7, दौसा व डूंगरपुर के 6-6, नागौर के 5, भरतपुर के 4, अजमेर के 3, जालोर के 2 तथा कोटा, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ व चूरू के 1-1 विद्यालय शामिल हैं।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने बजट वर्ष 2023-24 में प्रदेश में महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय खोलने के लिये घोषणा की थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/31-government-schools-to-be-converted-in-to-mahatma-gandhi-english-medium-schools